कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ0मा0वि0 सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)
(माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित)
E-mail address- mhssrewa@gmail.com Phone – (07662) –297943

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

रीवा, दिनांक : 02 / 09 / 2021

कक्षा 10वीं एवं 12वीं के संस्थागत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म एवं शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

सत्र 2020–21 में मॉडल स्कूल से कक्षा 9वीं एवं 11वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सत्र 2021–22 में क्रमशः कक्षा 10वीं एवं 12वीं में कक्षा उन्नयन हेतु ऑनलाइन रिकार्ड एवं डाटा संधारित करने एवं ऑनलाइन शुल्क की व्यवस्था प्रारम्भ करने के लिये क्लास अपडेशन फार्म एम.पी. ऑनलाइन के ओ.एस.एम.एस. पोर्टल पर भरवाये जाने की प्रक्रिया दिनांक 03.09.2021 से प्रारम्भ की जा रही है। ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म एवं शुल्क जमा करने हेतु निम्नानुसार दिशा निर्देश एवं समय सारणी निर्धारित की जाती है :–

1. सत्र 2021–22 में मॉडल स्कूल के कक्षा 9वीं एवं 11वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं का क्लास अपडेशन फार्म ऑनलाइन भरने हेतु पात्र होंगे।
2. ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म भरने हेतु विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा आवंटित स्कॉलर नम्बर एवं मण्डल द्वारा आवंटित नामांकन नम्बर को फार्म अंकित करना अनिवार्य है।
3. ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म में विद्यार्थियों को वांछित सभी जानकारियाँ सही–सही अंकित करना है एवं समस्त वास्तविक दस्तावेज ही अपलोड करना अनिवार्य है।
4. ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म में असत्य जानकारियाँ अंकित करने, नकली/फर्जी दस्तावेज अपलोड करने पर विद्यार्थी का फार्म निरस्त कर दिया जावेगा एवं क्लास अपडेट नहीं की जा सकेगी तथा जमा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जा सकेगा। अतः केवल मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को ही पिछली कक्षा उत्तीर्ण होने पर, ऑनलाइन फार्म में सही जानकारियाँ भरने एवं वास्तविक दस्तावेज अपलोड करने हेतु निर्देशित किया जाता है।
5. ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म भरने हेतु निम्नांकित दस्तावेज आवश्यक है :–
   (1) पिछली कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति। (2) आधार कार्ड। (3) बैंक पास बुक। (4) समग्र आई.डी. एवं संबल कार्ड (5) आय, जाति एवं दिव्यांगता की पुष्टि हेतु वैद्य प्रमाण पत्र। (6) लेटेस्ट पासपोर्ट फोटो ग्राफ
6. सत्र 2021–22 हेतु मॉडल स्कूल के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म साथ निम्नानुसार शुल्क जमा करना होगा तथा एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क पृथक से एम.पी. ऑनलाइन को देय होगा :–
   - कक्षा 10वीं हेतु :–
     ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म के साथ राशि रु. 832/– का शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा।
   - कक्षा 12वीं हेतु :–

कक्षा	गणित	बायोलॉजी	कामर्स	कामर्स (IP)	कृषि
12वीं	847/-	942/-	667/-	1507/-	942/-

7. कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म एवं शुल्क जमा करने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है, अंतिम तिथि तक ऑनलाइन फार्म एवं शुल्क जमा नही करने पर सत्र 2021–22 हेतु विद्यार्थी का नाम पंजीकृत नहीं किया जा सकेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यार्थी एवं पालक की होगी :–

ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म एवं शुल्क भरने हेतु लिंक	ऑनलाइन फार्म एवं शुल्क भरने हेतु लिंक आरंभ होने की तिथि	ऑनलाइन फार्म एवं शुल्क भरने हेतु लिंक बंद होने की तिथि
https://modelhssrewa.org.in/ अथवा https://osms.mponline.gov.in./MHSSREWA	03.09.2021 से	17.09.2021

8. कक्षा 10वीं एवं 12वीं के समस्त विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म एवं शुल्क भरने के उपरांत पूर्ण "भुगतान है" वाले पृष्ठ का प्रिंट आउट पर अंकित ट्रांजेक्शन आई.डी. एवं दिनांक की जानकारी अपने कक्षाध्यापक को दिनांक 20.9.2021 तक अनिवार्यतः उपलब्ध कराना होगा।
9. कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को ऑनलाइन क्लास अपडेशन फार्म के साथ केवल स्थानीय मद के कुल शुल्क को जमा करना होगा। शेष अन्य मदों के शुल्क–शिक्षण शुल्क, बोर्ड परीक्षा शुल्क को जमा करने हेतु पृथक से आदेश जारी किये जावेंगे।
10. सत्र 2021–22 में जो विद्यार्थी कक्षा 10वीं एवं 12वीं में इस विद्यालय में अध्ययन करना नहीं चाहते है वे दिनांक 15.09.2021 तक टी.सी. के लिये अनिवार्यतः आवेदन प्रस्तुत करें जिससे ऑनलाइन क्लास अपडेशन की प्रक्रिया हेतु उनके नाम पर विचार नहीं किया जावे।

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)